## सार समाचार

### वेयरहाउस का ताला तोड़कर सोयाबीन और चना चोरी

**गंजबासौदा।** शहर से 3 किलोमीटर दूर जीवाजी पुर गांव में त्यौंदा रोड के समीप बीके वेयरहाउस में चोरों ने 21 तारीख की रात्रि को ताला तोड़कर चना 86 कट्टी एवं सोयाबीन की तीस कट्टी ले गए चना और सोयाबीन की कीमत 400000 आंकी जा रही है। समझा जाता है कि वारदात को अंजाम देने चोरों ने चार पहिया वाहनों का इस्तेमाल किया है पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच में लिया है बताया जाता है कि इस बेल्ट में असामाजिक तत्वों की गतिविधियां चरम सीमा पर बनी रहती हैं विभिन्न क्षेत्रों में वारदात कर समान गतिविधियों में लिप्त पेशेवर लोगों के यहां ठौर बनाए रहते हैं और वारदातों को अंजाम दे देते हैं।

### मेडिकल कॉलेज हेतु समिति द्वारा 13 करोड़ रु. का बजट स्वीकृत

**विदिशा (निप्र)।** भोपाल संभागायुक्त मालसिंह भयड़िया ने आज विदिशा की अटल बिहारी वाजपेयी शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय की कार्यकारिणी समिति की बैठक में आह्वान किया कि मेडिकल कॉलेज व जिला चिकित्सालय में रोगियों को यथोचित समस्त सुविधाएं समय पर उपलब्ध कराई जाएं। संभागायुक्त ने कहा कि महाविद्यालयीन समयावधि में कॉलेज के प्रोफेसर, अन्य चिकित्सक-स्टॉफनिजी क्षेत्र में सेवाएं ना दें। इस संबंध में कलेक्टर उमाशंकर भार्गव को पृथक से निरीक्षण कर समिति गठित करने हेतु निर्देशित किया गया है ताकि आकस्मिक निरीक्षण के दौरान वस्तुस्थिति स्पष्ट हो सकें। मेडिकल कॉलेज की कार्यकारिणी समिति की बैठक में सभी सदस्यों ने एक मत स्वर से वित्तीय वर्ष 2023-24 के लिए 13 करोड रू. का बजट स्वीकृत किया। इसी प्रकार पूर्व में चयनित 11 चिकित्सकों के नियुक्ति आदेश पर भी स्वीकृति प्रदान की गई।

### स्वदेशी जागरण मंच से हुआ राज्यमंत्री अग्रवाल का सम्मान

**बदनावर।** भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ



मध्य प्रदेश सरकार के आपूर्ति निगम के उपाध्यक्ष राज्यमंत्री दर्जा प्राप्त राजेश अग्रवाल का स्वदेशी जागरण मंच के द्वारा सम्मान किया गया। बदनावर स्वदेशी जागरण मंच जिला धार के तत्वाधान में चलाए जा रहे स्वालंबी भारत अभियान को लेकर स्वदेशी और विदेशी वस्तु की जानकारी दी गई। इस अवसर पर स्वदेशी जागरण मंच के राष्ट्रीय संगठक सतीश कुमार द्वारा लिखित पुस्तक पुन: बनाए भारत महान साथ ही स्वालंबन की ओर बढ़ता भारत पुस्तक अग्रवाल को भेंट की गई। इस अवसर पर स्वदेशी जागरण मंच के सभी कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# सर्व ब्राह्मण समाज ने आदि गुरु शंकराचार्य जयंती मनाई

**सीहोर।**

**सर्व ब्राह्मण समाज के तत्वाधान में विप्र जनों ने भगवान शंकर के अवतार आदि गुरु शंकराचार्य का पूजन आरती वैदिक मंत्रोच्चार से कर आदि गुरु शंकराचार्य की जयंती मंगलवार को मनाई।**

इस मौके पर सर्व ब्राह्मण समाज के अध्यक्ष दीपक शर्मा, महिला मंडल की अध्यक्ष नीलम शर्मा, चल समारोह के अध्यक्ष प्रवीण तिवारी, कार्यकारी अध्यक्ष सुदीप व्यास, युवा अध्यक्ष रुपेश तिवारी, महिला अध्यक्ष अनिता शर्मा, चल समारोह प्रभारी रमाकांत समाधिया, चल समारोह के संयोजक राजेन्द्र शर्मा कल्लू, श्री राधेश्याम कालोनी की ओर से जितेन्द्र तिवारी आदि ने कार्यक्रम की शुरुआत की। मंत्रोच्चार में बड़ी संख्या में विप्रजन मुख्य रूप से मौजूद थे। कार्यक्रम का आयोजन शहर के सोया चौपाल स्थित श्री राधेश्याम विहार कालोनी में जिला संस्कार मंच के सहयोग से किया गया था।

इस मौके पर पंडित श्री समाधिया ने कहा कि शंकराचार्य जयंती मनाई गई है। इतिहास के पन्नों को पलटने से पता चलता है केरल के कालड़ी में ब्राह्मण परिवार में शंकराचार्य का जन्म हुआ था। सनातन शास्त्रों के अनुसार, आदि शंकराचार्य भगवान शंकर के अवतार हैं। इन्होंने सनातन धर्म के जीर्णोद्धार हेतु अथक प्रयास किए। अत: इन्हें धर्म प्रचारक भी कहा जाता है। आदि शंकराचार्य के अथक प्रयासों के चलते सनातन धर्म में नव चेतना जागृत हुई। सात वर्ष की आयु में सन्यास लेने वाले शंकराचार्य ने मात्र 2 वर्ष की आयु में सारे वेदों, उपनिषद, रामायण, महाभारत को कंठस्थ कर लिया था। बालक शंकर ने भी माता से आज्ञा लेकर वैराग्य का रास्ता अपनाया और सत्य की खोज में निकल गए। 7 वर्ष की उम्र में उन्होंने सन्यासी बनने का निश्चय कर लिया था। इस आयु में उन्हें वेदों का संपूर्ण ज्ञान हो गया था। कई वर्षों बाद जन्में शंकराचार्य को उनकी मां ने न केवल शिक्षा दी बल्कि जगद्गुरु बनने का मार्ग भी प्रशस्त किया। बारह वर्ष की आयु तक आते-आते वे शास्त्रों के ज्ञाता हो चुके थे। सोलह वर्ष की अवस्था में वे ब्रह्मसूत्र भाष्य सहित सौ से भी अधिक ग्रंथों की रचना कर चुके थे। इसी के साथ वे शिष्यों को भी शिक्षित करने लगे थे। इसी कारण उन्हें आदि गुरु शंकाराचार्य के रूप में भी प्रसिद्धि मिली। इस मौके पर कार्यक्रम के अंत में यहां पर मौजूद विप्रजनों ने आदि गुरु शंकराचार्य और ब्राह्मणजनों के आराध्य भगवान परशुराम के जयकारें लगाए। कार्यक्रम के पश्चात यहां पर उपस्थित विप्रजनों का जिला संस्कार मंच की ओर से जितेन्द्र तिवारी, राकेश शर्मा, मनोज दीक्षित मामा, सुभाष शर्मा, नितिन उपाध्याय, ओपी शर्मा, राकेश शर्मा, राजू शर्मा डेयरी वाले, आलोका शर्मा, शिव नारायण शास्त्री, नवनीत उपाध्याय, रजत व्यास, अभिनव शर्मा, आदित्य उपाध्याय, आरसी चंद्रवंशी, जितेन्द्र भावसार आदि ने किया।

## सर्व ब्राह्मण समाज के चल समारोह से नगर हुआ परशुराम मय



**नागदा।** ब्राह्मण समाज के आराध्य देव एवं कुल गुरु भगवान परशुराम जी के जन्मोत्सव पर नगर के सर्व ब्राह्मण समाज जन्म दोबारा भव्य चल समारोह एवं शोभायात्रा मंगलवार को शंकराचार्य जयंती पर निकाली गई शोभा यात्रा का प्रारंभ आदित्य विद्या मंदिर स्कूल परिसर पाल्या रोड से हुआ । ब्राह्मण समाज के सभी पुरुष पीले एवं सफेद वस्त्र में सम्मिलित हुए तो महिलाएं लाल साड़ी लाल चुनरी तथा अन्य पारंपरिक वेशभूषा में सम्मिलित हुई। घोड़े पर भारत माता एवं ब्रह्म विदुषी झांसी की रानी लक्ष्मीबाई के स्वरूप में बालिकाएं चली। कड़ा बीन द्वारा आतिशबाजी से माहौल गुंजायमान हुआ। दो बैंड, दो घोड़ी, ताशा पार्टी, 21 ढोल, गरबा मंडल, आराध्य देव की मूर्ति लिए कई चार पहिया वाहन एवं बग्गी में सवार भगवान परशुराम की झांकी के साथ चल समारोह में नगर के ब्रह्म समाज जन मातृशक्ति एवं बच्चे सपरिवार सम्मिलित हुए। चल समारोह के प्रारंभ में जनप्रतिनिधियों ने ब्राह्मण समाज का स्वागत किया। चल समारोह में कन्याएं गरबा मंडल एवं युवा ताशो पर झूमते एवं आराध्य देव का फरसा व भगवा ध्वज लेकर निकले। चल समारोह मैं उत्साह के साथ सम्मिलित हुए नगर के ब्राह्मण समाज जन का स्वागत पाल्या रोड चौराहे पर आर्य समाज नगर पालिका परिषद पूर्व विधायक दिलीप सिंह शेखावत सांसद निज प्रतिनिधि प्रकाश जैन नगर पालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि ओमप्रकाश गहलोत नगरपालिका उपाध्यक्ष सुभाष शर्मा विधायक दिलीप सिंह गुर्जर आदि के द्वारा किया गया। पालिया रोड पर नगर पालिका परिषद ने मंच से स्वागत किया । सहस्त्र औदीच्य ब्राह्मण समाज द्वारा विशाल 25 फीट का मंच लगाकर परशुराम चल समारोह का शीतल छाछ पेय वितरण कर स्वागत किया गया गोविंद माधव ट्रस्ट के अध्यक्ष सिद्धनाथ पाठक ने भगवान परशुराम को पुष्पमाला पहनाई। बड़ी संख्या में समाज जन मंच पर मौजूद रहे। राष्ट्रीय परशुराम सेना युवा वाहिनी का समूह अपनी विशेष वेशभूषा में फरसे एवं ताशा ताशा पार्टी के साथ महिदपुर रोड से चलकर एक साथ चल समारोह में सम्मिलित हुआ। नगर के प्रमुख मार्ग से निकलते हुए चल समारोह का कई जगह स्वागत हुआ आर्य समाज नगर पालिका सहस्त्र औदीच्य ब्राह्मण समाज निजी परिवार के बैनर तले किराना का संघ माहेश्वरी समाज श्याम परिवार शीतला माता चौक पर अनंत पौधारोपण समिति विधायक दिलीप सिंह गुर्जर चेतन यादव मित्र मंडल बसंत मालपानी मित्र मंडल मोती सिंह शेखावत मित्र मंडल आदि के द्वारा पुष्प वर्षा एवं पेय वितरित कर भव्य स्वागत किया गया। चल समारोह में परशुराम जन्मोत्सव समिति सदस्य गणों के सहित सर्व ब्राह्मण समाज के गुलजारीलाल त्रिवेदी सर्व ब्राह्मण महासभा के डॉ अनिल दुबे गोविंद माधव ट्रस्ट अध्यक्ष सिद्धनाथ पाठक पत्रकार प्रफुल्ल शुक्ला प्रमोद शुक्ला राकेश शर्मा राधे गुरु मकड़ सर्व ब्राह्मण महिला मंडल अध्यक्ष निर्मला रावल, महासभा अध्यक्ष वंदना दुबे, अर्चना दवे सीमा सारस्वत,राष्ट्रीय परशुराम सेना युवा वाहिनी अध्यक्ष हेमंत तिवारी महिला मंडल अध्यक्ष वर्षा मेहता आदि सम्मिलित हुए।

# श्रीहरि वृद्धाश्रम में टीम आनंदक द्वारा मनाया गया मातृभूमि दिवस

**विदिशा (निप्र)।** स्थानीय श्रीहरि वृद्धाश्रम में राज्य आनंद संस्थान भोपाल के तत्वावधान में विदिशा की आनंद विभाग की टीम द्वारा अंतरराष्ट्रीय मातृभूमि दिवस का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रुप में पर्यावरण मित्र संजय दुबे एवं विशेष अतिथि के रूप में समाजसेवी वेदप्रकाश शर्मा उपस्थित रहे।



कार्यक्रम में सर्वप्रथम मास्टर ट्रेनर संजय श्रीवास्तव ने आनंद विभाग की गतिविधियों एवं मातृभूमि दिवस मनाए जाने के उद्देश्य पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर राज्यपाल पुरस्कार प्राप्त शिक्षक जिला आनंदम सहयोगी विजय श्रीवास्तव ने सबको मातृभूमि के प्रति कृतज्ञता एवं धन्यवाद करने की शपथ दिलाई।

संजय दुबे ने मातृभूमि के प्रति अपने भावों को गीतों के माध्यम से कृतज्ञता ज्ञापित की। समाजसेवी वेदप्रकाश शर्मा ने अपने उद्बोधन में मातृभूमि के ऋण को उतारने के लिए जन समुदाय से 2-2 पौधे लगाने का आह्वान किया। देश भक्ति गीत एवं प्रकृति संबंधी गीत व कविताओं के वचन से कलाकारों ने सभी का मन मोह लिया। कार्यक्रम का संचालन विजय श्रीवास्तव ने किया।

# पुराने जर्जर नपा भवन को तोड़कर बनाया जाएगा मांगलिक भवन

**गंजबासौदा।**

एसडीएम, तहसीलदार, सीएमओ ने संयुक्त रूप से पुरानी नगर पालिका भवन स्थल का निरीक्षण किया। उक्त भवन जर्जर स्थिति में है शहर के मध्य कोई मांगलिक भवन भी नहीं है इसलिए इस भवन को गिरा कर यहां पर मांगलिक भवन बनाया जाऐ मांगलिक भवन का निर्माण कार्य नगर पालिका के पास फंड की व्यवस्था होते ही चालू करवा दिया जाएगा।

यह भवन पूरी तरह जर्जर हो चुका है और इसका छज्जा भी ढह गया है। इसके आसपास कोई अतिक्रमण न हो तथा धार्मिक, सांस्कृतिक, सामाजिक कार्यक्रम करने के लिए जगह उपलब्ध हो सके इसलिए यहां मांगलिक भवन वनाए जाने की रूपरेखा शुरू कर दी गई है ।

एसडीएम विजय राय ने नपा सीएमओ निशांत सिंह ठाकुर को निर्देश दिए हैं इस अवसर पर नपा में सांसद प्रतिनिधि देवेंद्र यादव तहसीलदार श्री



जायसवाल पूर्व पार्षद योगेंद्र समैया, पार्षद प्रतिनिधि रिंकू शर्मा के अलावा अन्य नपाकर्मी मौजूद थे। इसी बीच उन्हें एक नागरिक द्वारा गांधी चौक से तिरंगा चौक की ओर जाने वाले मार्ग पर विद्युत ट्रांसफार्मर से लटकते हुए तारों की जानकारी दी गई।

जिस पर उन्होंने मौके पर जाकर देखा और विद्युत कर्मचारियों को इस समस्या से निजात दिलाने लिएनिर्देश दिया ।एसडीएम विजय राय नपा के ट्रेंचिंग ग्राउंड भडेरु का मुआयना किया वहां कचरे के निष्पादन की प्रक्रिया देखी नपा द्वारा बनाई जा रही खाद का भी उन्होंने अवलोकन किया। इस मौके पर स्वच्छता निरीक्षक आरके नेमा से भी चर्चा कर आवश्यक दिशा निर्देश दिए बताया जाता है कि एसडीएम विजय राय विगत 1 हफ्ते से निरंतर नगर के विभिन्न सार्वजनिक स्थलों शासकीय निकायों का निरीक्षण कर रहे हैं एवं सीधे-सीधे नागरिकों से संपर्क कर चर्चा कर रहे हैं जिससे भौगोलिक स्थिति एवं समस्याओं की पूरी जानकारी हासिल हो सके वह चलते-चलते सामान्य तौर पर नागरिकों की समस्याओं से रूबरू हो रहे और तत्काल समस्याओं के समाधान के लिए संबंधित विभाग के अधिकारियों को बता रहे हैं फिलहाल की स्थिति में सभी और अच्छे परिणाम दिखाई दे रहे हैं।

## पानी का छिड़काव कर चने का वजन बढ़ाने पर वेयरहाउस प्रबंधक निलंबित

**सीहोर।** आष्टा स्थित एमपी डब्ल्यूएलसी गोदाम क्रमांक-15 में चने पर पानी का छिड़काव कर वजन बढ़ाने की शिकायत मिलने पर कलेक्टर प्रवीण सिंह द्वारा जांच के निर्देश दिए गए थे। जांच दल की रिपोर्ट के आधार पर कलेक्टर प्रवीण सिंह ने मध्यप्रदेश वेयर हाउसिंग लॉजिस्टिक कार्पोरेशन के प्रबंध संचालक को आष्टा के एमपीडब्ल्यूएलसी गोदाम क्रमांक-15 के प्रबंधक धर्मेन्द्र परमार को निलंबित करते हुए कठोर अनुशासनात्मक कार्यवाही करने तथा दैनिक वेतन भोगियों श्रीधर तिवारी, राहुल वर्मा तथा दीपक मालवीय को कार्य से पृथक करने के लिए पत्र लिखा गया था।

कलेक्टर प्रवीण सिंह के पत्र पर कार्यवाही करते हुए एमपीड्ब्ल्यूएलसी के प्रबंध संचालक ने एमपीडब्ल्यूएलसी गोदाम क्रमांक-15 आष्टा के प्रबंधक धर्मेन्द्र परमार को निलंबित कर दिया है। इसके साथ ही तीनों दैनिक वेतन भोगियों को कार्य से हटा दिया गया है। जांच दल ने यह पाया कि प्रत्येक बोरी में 50 किलोग्राम वजन की तुलाई उपार्जन केन्द्र द्वारा की जाती है। बोरियों में पाये गये वजन में 41.900 किलोग्राम से 53.050 किलोग्राम तक पाये जाने से स्पष्ट होता है कि कुछ बोरियों में से चना निकाला गया है एवं कुछ बोरियों पर टैंकर से पानी का छिड़काव किया गया है। यह कृत्य प्रथम दृष्टया अपराध की श्रेणी में आता है।

## नेत्र रोगियों का परीक्षण, दवाएं निःशुल्क

**गंजबासौदा।** सद्गुरु सेवा संघ ट्रस्ट आनंदपुर लटेरी के द्वारा ग्राम पिपरिया जमीदार ग्राम पंचायत सतपाड़ा कला में विशाल नेत्र परीक्षण शिविर का आयोजन स्वर्गीय श्री नारायण सदा शिव पिंगले सेवा संस्थान के सहयोग से जनपद सदस्य प्रतिनिधि देवेंद्र सिंह रघुवंशी के सहयोग से आयोजित किया गया उक्त आशय की जानकारी सामाजिक कार्यकर्ता एवं पिंगले सेवा संस्थान ट्रस्ट मुख्य केंद्र बिंदु सुनील पिंगले द्वारा दी गई आनंदपुर के नेत्र चिकित्सक डॉक्टर राजकरण वर्मा ने लगभग 160 मरीजों के नेत्र परीक्षण कर 32 मरीजों को मोतियाबिंद चिन्हित किया गया वहीं 110 लोगों को निशुल्क दवाइयों का वितरण किया गया तथा 30 लोगों को चश्मे के नंबर लेने की सलाह दी गई एवं 10 लोगों को चश्मे प्रदान किए गए उपरोक्त जानकारी समाज सेवी एवं शिविर सहयोगी सुनील बाबू पिंगले ने दी इस अवसर पर कार्यक्रम के संयोजक देवेंद्र सिंह रघुवंशी देबू जनपद सदस्य प्रतिनिधि एवं सुनील बाबू ने कहा कि सद्गुरु सेवा संघ ट्रस्ट आनंदपुर लगभग 45000 ऑपरेशन प्रतिवर्ष निशुल्क करते हैं उन्होंने कहा कि पीड़ित मानवता की सेवा करना ही सबसे बड़ा धर्म है।

## गवाखेड़ा में युवक ने खुद को कमरे में किया बंद, पत्नी की आवाज सुनते ही खोला दरवाजा

**सीहोर।**

**जिले में एक युवक ने खुद को कमरे में बंद कर लिया। कई घंटे समझाने के बाद जब उसने दरवाजा नहीं खोला तो मायके गई पत्नी को बुलाया गया। इसके बाद उसने दरवाजा खोला।**

मामला गवाखेड़ा गांव का है। दरअसल, अमलाहा चौकी प्रभारी अविनाश भोपले ने बताया कि मंगलवार को मोबाइल पुलिस को सूचना प्राप्त हुई थी। जिसमें बताया कि गवाखेड़ा निवासी शिवदास बैरागी पिता ओमप्रकाश बैरागी (24) ने खुद को एक कमरे में बंद कर लिया है। परिजन उसे समझाने कोशिश कर रहे हैं, लेकिन वह कमरे का दरवाजा नहीं खोल रहा है।

युवक खुद के साथ कुछ गलत न कर ले, इसका अंदेशा है। परिवार के लोग डरे हुए हैं। सूचना पर तत्काल डायल 100 में पदस्थ आरक्षक शिवराज चंद्रवंशी और चौकी अमलाहा प्रभारी उनि अविनाश भोपले, प्रआर सतवीर सिह अपने बल के साथ गवाखेड़ा पहुंचे। वहां जाकर देखा कि युवक ने खुद को घर के जिस कमरे में बंद कर रखा उसका दरवाजा लोहे का था।

कमरे में कृषि का सामान सहित अनाज भरा हुआ था। कमरे में प्रवेश का अन्य कोई रास्ता नहीं था। चौकी अमलाहा पुलिस ने युवक के साथ लगातार बातचीत करने की कोशिश की।

## राज्यपाल के हाथों सम्मानित होने पर जिले के अधिकारियों ने कलेक्टर को दी बधाइयां

**रायसेन।** टीबी मुक्त नि-क्षय सम्मान समारोह में कलेक्टर अरविन्द दुवे को प्रदेश के राज्यपाल मंगू भाई पटेल के हाथों सम्मानित होने पर उनको बधाइयां और शुभकामनाऐं देने का सिलसिला जारी हैं आज राज्यपाल के हाथों सम्मान प्राप्त होते ही कलेक्टर अरविन्द दुवे को बधाई देने वाले अधिकारियों में मुख्य चिकित्सा एवं



स्वास्थ्य अधिकारी दिनेश खत्री जिला कार्यक्रम अधिकारी दीपक संकत जिला विपणन संघ अधिकारी नीरज भार्गव जिला खाद्य आपूर्ति जिला अधिकारी आर.एम.सिंह कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारी संदीप भार्गव जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग की उपसंचालक संगीता जयसवाल सामाजिक न्याय विभाग के उपसंचालक मनोज बाथम सी.एम.राइज विद्यालय की प्राचार्य सीमा शर्मा जिला शिक्षा अधिकारी एमएल राठौरिया जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक मर्यादित रायसेन के मुख्य कार्यपालन अधिकारी आकाशदीप चौहान जिला नागरिक आपूर्ति अधिकारी केएल शर्मा सहकारिता विभाग के आयुक्त छविकांत बाघमारे जिला संयोजक आदिमजाति कल्याण विभाग सरिता नायक सहायक आयुक्त आवकारी विभाग दीपम रायचूरा कलेक्टर के निज सहायक राकेश राघव जिला चिकित्सालय के सिविल सर्जन एके शर्मा कार्यपालन यंत्री लोक निर्माण विभाग किशन वर्मा कार्यपालन यंत्री पीआईयू विभाग पीके झा एसडीओपी आईयू विभाग एके दुराफे सहायक यंत्री पीआईयू अनुराग यादव मत्स्य विभाग के उपसंचालक सहदेव नागले मत्स्य निरीक्षक एसके मालवीय ने कलेक्टर अरविन्द दुवे को राज्यपाल के हाथों सम्मानित होने पर बधाईयां दी है।

## वनखेड़ी की सचिव रेवती साहू से अभद्रता मारपीट करने वाले युवक की थाने में हुई शिकायत

**रायसेन।** लाड़ली बहना योजना का कार्य के साथ साथ प्रधानमंत्री आवास गृह प्रवेश कार्यक्रम का संचालन जनपद पंचायत सांची के अंतर्गत आने वाली ग्राम पंचायत वनखेड़ी में चल रहा था। इसी दौरान पंचायत भवन में वनखेड़ी निवासी हिम्मत सिंह लोधी पिता हमीर सिंह लोधी ग्राम पंचायत भवन में प्रवेश करते ही पंचायत भवन में महिलाओं की उपस्थिति में नशे की हालत में गाली गलौंच करने लगा एवं वीडियो बनाने लगा और कहने लगा की तू कोन है यहां क्या कर रही हैं। और महिला सचिव को गालियां देना प्रारंभ कर दी गई और कहने लगा कि इस ग्राम में हमारी चलती है। हम जैसा चाहेंगे वैसा ही होगा। जिसको लेकर उपस्थित महिलाओं के द्वारा अभद्र व्यवहार करने वाले हिम्मत सिंह को पंचायत भवन से वाहर निकालकर चैनल गैट पर ताला लगा दिया गया। और इस बात की सूचना पुलिस 100 डायल को की गई। परन्तु 100 डायल का मोबाईल न लगने के कारण सचिव के द्वारा अपने पति को ग्राम पंचायत भवन बुलाया गया। और जैसे ही सचिव के पति आये तो यह हिम्मत सिंह लोधी के द्वारा सचिव के पति से झूमा झटकी करते हुए उसके कपड़े फाड़ दिये गये और मारने पर उतारू हो गया। जिसको लेकर हिम्मत सिंह लोधी के पिता से हमीर सिंह लोधी से शिकायत करने पहुँचे तो उन्होंने लड़के पर कार्यवाही करने करने की बात की गई और आखिर में सचिव के द्वारा तत्काल रायसेन कोतवाली पहुँचकर लिखित में हिम्मत सिंह लोधी के कारनामों की लिखित शिकायत की गई। इस संदर्भ में थाना कोतवाली प्रभारी मनोज सिंह के द्वारा तत्काल पुलिस टीम को भेज कर हिम्मत सिंह को पकड़ने के लिए भेजा गया। इस संदर्भ में मोजूद सचिव रामबाबू दांगी के द्वारा कहा गया कि ग्राम पंचायतों में लाड़ली बहना प्रधानमंत्री आवास योजना के साथ अन्य कार्य ग्राम पंचायत भवन में संचालित हो रहे है और ऐसे में शासकीय कार्यों में बाधा डालने वाले किसी भी व्यक्ति के द्वारा कार्य में बाधा डाली गई तो उसके खिलाफ कार्यवाही करने से सचिव संघ पीछे नहीं रहेगा।

## अगले 5 दिनों में रुक-रुक बारिश होगी

**सीहोर।** सीहोर जिले में बुधवार से मौसम का मिजाज फिर बदलने वाला है। मौसम विभाग के पूर्वानुमान के मुताबिक अगले 5 दिनों तक मौसम का मिजाज बदला रहेगा। इस दौरान रोज रुक-रुक कर बारिश होने की संभावना जताई गई है। वहीं, 28 अप्रैल को लगभग 1 इंच बारिश हो सकती है। शासकीय कृषि महाविद्यालय सीहोर में स्थित मौसम विज्ञान केंद्र ने मंगलवार शाम मौसम का पूर्व अनुमान जारी किया है। बताया गया है कि हवाओं के कारण और आ रही नामी के प्रभाव से मौसम का परिवर्तन होने जा रहा है। जिसका असर यह होगा कि तेज हवाओं के साथ बारिश हो सकती है। अगर ऐसा होता है तो लोगों को गर्मी से राहत मिल जाएगी।

## लघु उद्योग भारती के 30वें स्थापना दिवस पर कार्यक्रम आयोजित

**शाजापुर।**

**लघु उद्योग भारती के 30वें स्थापना दिवस पर शाजापुर जिला इकाई द्वारा कार्यक्रम आयोजित किया गया एवं नए उद्यमियो का स्वागत भी किया गया।**

मंगलवार को सोमवारिया बाजार स्थित एक उद्योग केंद्र पर आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि भाजपा जिला मीडिया प्रभारी विजय जोशी ने संबोधित करते हुए कहा की किसी भी शहर के विकास में उद्योग की एक महत्वपूर्ण भूमिका रहती है। बड़े उद्योग को प्रारंभ करने में अधिक पूंजी की आवश्यकता होती है, लेकिन सुक्ष्म लघु उद्योग को बढ़ावा मिलने से अब काम पूंजी में बड़ी संख्या में लोग स्वयं का उद्योग प्रारंभ कर रहे। केंद्र और प्रदेश की सरकार




भी इसे बढ़ावा देने के लिए मुद्रा लोन लोकल फॉर वोकल जैसे आदि को माध्यम बना रही है। लघु उद्योग भारती ने देशभर में उद्यमियों को एक साथ खड़ा किया है और सूक्ष्म लघु उद्योग की कठिनाइयों को खत्म किया है, जिसके कारण बड़ी मात्रा में युवा पीढ़ी उद्योग की ओर बड़ रही है।

कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए लघु उद्योग भारती के जिलाध्यक्ष सुभाष मंडलोई ने संबोधित करते हुए कहा की लघु उद्योग भारती उद्यमियो का संगठन है जो समय समय पर उद्यमियो की आवाज उठाता है। हमारी इकाई के द्वारा लघु उद्योग को बड़ावा देने का कार्य शाजापुर में भी किया है जिसके कारण आज कई छोटे उद्यमियों ने अपने उद्योग स्थापित किए है और कर रहे है। कार्यक्रम में शाजापुर इकाई के जिला उपाध्यक्ष संतोष मंडलोई ने भी लघु उद्योग भारती के बारे में विस्तार से बताया।

कार्यक्रम में युवा उद्यमी कैलाश राठौर भी मंचासिन थे। कार्यक्रम के पूर्व भगवान विश्वकर्मा के चित्र पर माल्यार्पण व दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। साथ ही नए उद्यमी कैलाश राठौर एवं आयुष भावसार का स्वागत किया। कार्यक्रम का संचालन शाजापुर इकाई के जिला सचिव किशोर प्रजापत ने किया तथा आभार जिला उपाध्यक्ष मेहुल भावसार ने माना। इस अवसर पर शाजापुर के उद्यमी अशोककुमार मंडलोई, गजेंद्र पाटीदार, राजेश पांचाल, विष्णु पाटीदार, कीर्तिप्रकाश भावसार, सुनील पांचाल, मयंक मंडलोई, शुभम प्रजापति, निखिल प्रजापति आदि उपस्थित थे।